हिन्दी सान्ध्य दैनिक  जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–164 : जौनपुर, मंगलवार 28 फरवरी 2023   सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )   पेज –4   मूल्य : 2 रूपया


## गोरखपुर में फरियाद सुन बोले सीएम योगी अधिकारी दें ध्यान लोग ना हों परेशान

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 350 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इलाज में भरपूर मदद देने को तत्पर है सरकार जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन अधिक आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने को तत्पर है। किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदनों में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण



कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही ध नराशि आवंटित कर दी जाएगी। गोवंश को दुलार सीएम योगी ने खिलाया गुड़ चना गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन व अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी ने गोशाला में भी कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उनकी आवाज पर गोवंश उनके पास यूं चले आए जैसे घर के मुखिया के बुलाने पर बच्चे चले आते हैं। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ चना खिलाया। सीएम योगी की स्नेह की भाषा और उनके आत्मीय सानिध्य में गोवंश की भाव भंगिमा भाव विह्वल करने वाली थी।

## बाबू गंज व रामनगर में विद्युत सबस्टेशन के निर्माण कराए जाने का भी विधायक ने सदन में उठाया मुद्दा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केन्द्र व प्रदेश के बजट सत्र 2023–24 को लोक कल्याणकारी बताते हुए विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने विधानसभा क्षेत्र के आधे अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने तथा नव निर्माण कार्य कराए जाने की आवाज सदन में उठाया । उन्होंने सदन को बताया कि जनहित में बक्शा– लोहिंदा – बंधवा मार्ग, मिरसादपुर–कलिंजरा – तेजीबाजार–कंधी–मछलीशहर मार्ग व सिंगरामऊ–लालगंज – गौरामाफी मार्ग का चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण कार्य कराए जाने से आवागमन सुचारु व सुलभ होगा! रेलवे स्टेशन श्री कृष्ण नगर कि पश्चिम भलुआही गेट 23 सी स्वीकृति के बाद भी अभी तक रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का शुभारंभ मैं किए जाने पर उन्होंने अविलंब निर्माण कार्य शुरू कराए जाने के लिए सदन को अवगत कराया । विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर व महराजगंज, तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगरामऊ व लेदुका का उच्चीकरण व स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरी किए जाने के लिए सुविधाओं से सुसज्जित करने का भी मुद्दा उठाया। विधायक मिश्र ने नगर पंचायत बदलापुर अंतर्गत नहर को पक्की किए जाने व सीवरेज एसटीपी प्लांट का निर्माण ,बाबूगंज और रामनगर में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण , बदलापुर में सीओ का आवास निर्माण, नव सृजित थाना तेजीबाजार के प्रभावी संचालन हेतु स्थायी भवन का निर्माण व मुंगराबादशाहपुर थाने का जिसका आधा अधूरा निर्माण करके छोड़ दिया गया है उसे पूर्ण किए जाने की मांग को भी सदन के समक्ष रखा।

## निगोह से जरौना मार्ग का किया जायेगा चौड़ीकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निगोह से जरौना स्टेशन तक जाने वाले रास्ते को साढे पांच मीटर चौड़ा किया जायेगा दो माह पहले लोक निर्माण के प्रस्ताव की सहमति मिल गयी है इसी आशा मे टेण्डर भी लगा दिया गया है जिससे इस रास्ते से गुजरने वाले लोगो को सहुलियत मिलेगी। निगोह से गोधना तक जाने वाले मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 6 माह पहले गोधना से जरौना तक बना दिया गया था निगोह से जरौना तक सडक छुट गयी सडक गड्ढे मे तब्दील होने से लोगो को दिक्कत का सामना करना पडता था जिसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने दो माह पहले चौडी करण का भेजा था जिसकी शासन से सहमति मिल गयी है निगोह से जरौना के बीच 7.340 किमी के लिए 12 करोड 47 लाख के लागत से साढे पांच मीटर सडक चौडी की जायेगी। जहा सडक चौडी करण होने से लोगो के आवागमन मे सुविधा मिलेगी वही गोपालपुर कटवार निगोह बाजार का विकास होगा । अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग धर्मेन्द्र कुमार ने बताया की सडक का प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया मे है उसी प्रत्याशा मे टेण्डर भी लगा दिया गया है स्वीकृति होते ही निगोह से जरौना स्टेशन तक सडक चौडी करण का काम शुरु करा दिया जायेगा।


## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक


## ब्राह्मण छल के लिए नही बल के लिए जाने जाते है –नम्रता पाठक

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ ।ओम ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में सोमवार 27 फरबरी को यूपी प्रेस क्लब में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद जी के शहीद दिवस के अवसर पर श्रंद्धाजली समारोह का आयोजन किया





गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नम्रता पाठक पत्नी बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस०एस० उपाध्याय पूर्व न्यायाधीश एंव विधिक परामर्शदाता मा० राज्यपाल, उ०प्र० लखनऊ द्वारा किया गया। इस दौरान नम्रता पाठक ने कहा कि ब्राह्मण छल के लिए नही बल के लिए जाने जाते है । इस दौरान ओम ब्राम्हण महासभा के अध्यक्ष धनंजय दिवेदी ने सुभाष मिश्र को महासभा का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस दौरान एमएलसी पवन सिंह चौहान,अजय त्रिपाठी, कर्नल दया शंकर दुबे, अशोक पाण्डेय, दीपक त्रिपाठी, मनोज मिश्रा,सीमा मिश्रा, किरण शर्मा और रचना तिवारी के साथ प्रदेश भर से आये पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के स्थानांतरण पर जनपद में आयोजित किया गया विदाई समारोह

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा का स्थानांतरण जिलाधिकारी नोएडा होने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ, शॉल आदि भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासकीय सेवा में स्थानान्तरण एक नैतिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि जिस जनपद में रहने लगते है वहां से एक जुड़ाव हो जाता है और यहां के लोग, यहां के अधिकारीगण, सभी लोग अच्छे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड के समय के सभी लोग मिलकर, एकजुट होकर, टीम भावना से काम किया है। मेडिकल कॉलेज में भी मिलकर कार्य किये जिसका परिणाम है कि आज वहां क्लासेज चलने लगी हैं। गांव में खेलकूद का मैदान में विकास विभाग का टीम लगकर कार्य किये और आज जनपद जौनपुर में सबसे ज्यादा खेल का मैदान संभव हो सका इसमें पूरी टीम का कार्य सराहनीय रहा जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से अपेक्षा की कि जो भी बचे हुए खेल के मैदान हैं उनको भी इसी तरह आगे पूरा कराया जाएगा। जल जीवन मिशन को मूर्ति रूप दे दिया गया है और हर गांव का डीपीआर स्वीकृत हो चुका है इसके लिए भी टीम को बधाई देते हुए कहां की जनपद जौनपुर में आप लोगों का जो स्नेह मिला है वह हमेशा याद रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी को जिस जगह तैनाती मिले उसे पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में नवागत जिलाधिकारी श्री अनुज झा जी 2009 बैच के आईएएस (यू0पी0 कैडर) हैं उनके नेतृत्व में आप सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को और भी अनुभव मिलेगा और नये कार्य सीखने का अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त मीडिया बन्धुओं को उनके कार्यावधि में शासन प्रशासन का सहयोग करने के लिए हदृय से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व गणेश प्रसाद,



पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर०डी० यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर जौनपुर से रिटायर हो रहे 02 उ0नि0 01 मुख्य आरक्षी व 01 फालवर को किया गया विदा




जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव। उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर जौनपुर से रिटायर हो रहे 02 उ0नि0, 01 मुख्य आरक्षी व 01 फालवर को अपर पुलिस अधीक्षक नगर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा फूल माला पहनाकर,अंग वस्त्र आदि देकर विदा किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। रिटायर होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण का नाम 1. उ0नि0 बालशंकर यादव 2. उ0नि0 भग्गन राम (ऐच्छिक ) 3. मुख्य आरक्षी रामजी राम 4. फालवर पतंजली मिश्रा।

## गोली से घायल युवक की डॉक्टर ने उपचार कर बचाई जान : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र का मामला

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : सरायवाजा थाना क्षेत्र के बैजारामपुर गांव निवासी एक युवक के सीने में गोली ऐसी थी जिसे डॉक्टर ने उपचार कर जान बचाई और पूरी तरह खतरे से बाहर बताया है । जानकारी के अनुसार बैजारामपुर गांव के निवासी 40 वर्षीय राजेश कुमार यादव के लाईसेंसी रिवाल्वर का संतुलन बिगड़ा और वह जमीन पर गिर पड़ा था, जिससे गोली उनके पेट से घुसी और सीने को भेद दिया। जिससे राजेश को भारी मात्रा में खून बहने लगा। वहा भगदड चीख पुकार मच गयी ।आनन–फानन में परिजनों ने उपचार के लिए नईगंज स्थित दुर्गा सिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर से वार्ता कर भर्ती कराया। मामले की जानकारी पुलिस को देकर डॉ आलोक कुमार यादव ने मानवहित को देखते हुए घायल युवक का उपचार शुरू कर दिया। और जांच–पड़ताल के बाद चला गोली पेट से घुसते हुए सीने को भेद दिया । जिससे रक्त बहना बंद नहीं हो रहा था । काफी जटिल मामला होते उन्होंने इलाज शुरू कर दिया। घंटे भर उपचार के बाद उन्होंने कहा कि यह खतरे से बाहर है। जिसके बाद परिजनो ने राहत की सांस ली। डॉ आलोक कुमार यादव ने कहा कि वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे और खतरे से बाहर है। उपचार के बाद भी उन्हें डिस्टचार्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी की जान बचाना मेरी प्राथमिकता है। कंडीशन किसी भी तरह की हो। इस बारे में पुलिस को भी जानकारी दी गई और पुलिस ने पहुंचकर पीड़ित से पूछताछ की और बयान लेकर वह लौट गई।

## जनपद जौनपुर के नए डीएम बने अनुज कुमार झा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डीएम मनीष कुमार वर्मा का देर शाम तबादला हो गया वे अब गौतमबुद्ध नगर (नोएडा ) का डीएम बनाये गए है। जिले के नए जिलाधिकारी अनुज कुमार झा बनाये गए है। नए डीएम अनुज झा की गिनती प्रदेश के तेज तर्रार अधिकारियों में गिने



जाते हैं। वे अयोध्या के डीएम रह चुके हैं। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय के जरिए आईएएस अनुज कुमार ने राममंदिर निर्माण का रास्ता साफ कर दशकों पुराने विवाद का पटाक्षेप कर दिया था। निर्णय आने से पहले अयोध्या का माहौल काफी तनावपूर्ण था। यहां रह रहे लोग किसी अनहोनी की आशंका से डरे हुए थे लेकिन जब फैसला आया तो स्थिति सामान्य थी। कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की खबर नहीं आई। इसका क्रेडिट जाता है अयोध्या के तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की। इस घटना ने झा की छवि एक कुशल प्रशासक के तौर पर स्थापित कर दी। यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी अनुज कुमार की क्षमताओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पहले से ही भरोसा था। यही कारण था कि अदालत का महत्वपूर्ण फैसला आने से कुछ माह पहले ही उन्हें अयोध्या जैसे संवेदनशील जिले का कलेक्टर बनाकर भेजा ।जहा अनुज कुमार सीएम के भरोसे पर खरे उतरे।

## एनएच पर टूरिस्ट बस और कार में जोरदार टक्कर : एक की हालत गंभीर : दोनों वाहन चालक हिरासत में

भदोही ब्यूरो : भदोही के कांजी हाउस स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह टूरिस्ट बस और कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में एक स्थानीय युवक गंभीर रूप से घायल घायल हो गया। बस में सवार छह यात्रियों के हल्की चोटें आईं। टूरिस्ट बस अजमेर शरीफ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार सुबह भदोही में मिर्जापुर तिराहा पार कर पिलर नंबर–31 के पास टूरिस्ट बस ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर से कार अनियंत्रित होकर पटरी पर खड़े सेवा लाल यादव (32) निवासी कांजी हाउस को टक्कर मारते हुए एक गुमटी में जा घुसी। कार में सवार लोग वैवाहित कार्यक्रम से लौट रहे थे। किसी को भी चोट नहीं लगी। इधर, बस में तेज ब्रेक के कारण



लगे झटके से शरीफ (60) व शफीक (50) समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां लाल यादव का इलाज चल रहा है। वहीं अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस और कार चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी रही।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

हार को जीत में बदलना हो तो अपनी इच्छा को प्रभु इच्छा में मिला दो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# सियासतः जातिगत जनगणना से किसे फायदा होगा

इसके पक्ष में सबसे बड़ा तर्क यही है कि सरकारी नीतियां जाति आधारित हैं। प्रामाणिक आंकड़े सरकार के पास होंगे, तो योजना बनाने में लाभ होगा।

जातिगत जनगणना के समर्थन में कई संगठनों ने आवाज बुलंद की है। 20 फरवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा में सपा ने जातिगत जनगणना का प्रश्न उठाकर नारेबाजी की। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ विधानसभा ने भी सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है। सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले ने इसका पुरजोर समर्थन किया है। पक्षधरों का मानना है कि इससे अलग–अलग जातियों का समग्र आंकड़ा सरकार के पास होगा, जिससे पता चलेगा कि किस जाति समूह के लिए कितना और क्या करने की आवश्यकता है। 14वीं लोकसभा में इस पर काफी हंगामा हो चुका है। पिछड़े वर्ग के नेताओं ने जाति के आधार पर जनगणना बायोमैट्रिक चरण में करने पर एतराज किया है। दरअसल, जनगणना के कई चरण हैं और बायोमैट्रिक चरण सबसे कठिन है। पूर्व यूपीए सरकार के मंत्री समूह ने जाति आधारित जनगणना कराने का एलान किया था। विरोधियों का तर्क था कि इस प्रकार से यह प्रक्रिया पूरी होने में 100 वर्ष लग जाएंगे। जैसे कि मतदाता पहचान पत्र देने का 15 वर्ष पुराना फैसला अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।

महाराष्ट्र के महात्मा फुले समता परिषद की ओर से उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 340 के तहत अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण को आगे बढ़ाना सरकार की जिम्मेदारी है। इसलिए उनकी ठीक संख्या का पता न लगाना संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 340 का उल्लंघन है। जाति आधारित जनगणना के पक्ष में सबसे बड़ा तर्क यही है कि सभी सरकारी नीतियां जाति आधारित हैं। आरक्षण भी जाति के आधार पर दिया जाता है। नीति आयोग और इससे पूर्व योजना आयोग जाति के आधार पर योजना बनाता आया है। इसलिए जाति की जनगणना से प्रामाणिक आंकड़े सरकार के पास होंगे, तो योजना बनाने में लाभ होगा। यह मांग काफी पुरानी है। आजादी से पहले ब्रिटिश राज में भारत में जाति आधार पर जनगणना होती रही है। 1931 तक जातियों की गिनती होती रही है। 1941 के बाद ऐसी कोई गिनती नहीं हुई।

जाति आधारित जनगणना कई विवादों में फंसी रही है। 1901 के बाद कई जाति समूह जनगणना करने वालों से अलग कास्ट स्टेटस की भी मांग करने लगे। वंश परंपरा का हवाला देते हुए कुछ जातियों के लोग खुद को ब्राह्मण वर्ग में शामिल करने की मांग करने लगे। कुछ जातियों को क्षत्रिय एवं वैश्य साबित करने के लिए प्रयास होने लगे। यह जाति के आधार पर श्रेष्ठता तय करने का दौर था। आज जाति किसी समूह के पिछड़ेपन की निशानी भी है। मंडल आयोग ने गैर हिंदू समुदायों में भी विद्यमान पिछड़ी जातियों का वर्गीकरण किया है, जिसके कारण कई मुस्लिम, सिख, ईसाई समुदाय को भी पिछड़े वर्ग में शामिल कर उन्हें भी आरक्षण की श्रेणी में शामिल किया था। पिछड़े वर्ग के नेता मानते हैं कि उनकी आबादी लगभग 60 फीसदी है। जाहिर है कि जातिगत जनगणना नए राजनीतिक समीकरण बना सकती है।

नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार को कर्पूरी फार्मूले पर अमल करने का सुझाव दिया है। फिलहाल केंद्र द्वारा अति पिछड़ों के लिए अलग से आरक्षण कोटे का बंटवारा नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री रहते हुए कर्पूरी ठाकुर ने 12 फीसदी का कोटा अति पिछड़ों के लिए लागू किया था, जिसका बड़ा विरोध उन्हीं की जनता पार्टी ने किया और उन्हें मुख्यमंत्री पद गंवाना पड़ा। एनडीए सरकार ने अक्तूबर, 2017 में अति पिछड़े वर्ग के अंतर्गत सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रोहणी आयोग का गठन किया था। वर्तमान में ओबीसी में मौजूदा 5,000 जातियों को उप वर्गीकृत करने के कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी उसे दी गई थी। आधिकारिक तौर पर रोहिणी आयोग की रपट प्रकाशित नहीं हो पाई है, जानकारों के मुताबिक, ओबीसी कोटे को चार भागों में बांटने की संस्तुति की गई है। आंकड़े बताते हैं कि केवल पिछले पांच वर्षों में ओबीसी की 2,633 जातियों में 10 जाति समूहों को कोटे का 25 फीसदी (एक चौथाई) लाभ मिला है। 1,000 जाति समूह तो ऐसे भी रहे, जिन्हें इस कोटे से एक भी प्रतिशत लाभ नहीं मिला। इससे नई असमानता पैदा हो गई है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

### छात्रवृत्ति घोटालाः जांच के दायरे में आए दो ट्रस्ट : ईडी ने कॉलेज संचालकों के 50 बैंक खातों की जानकारी किया तलब

लखनऊ ब्यूरो : छात्रवृत्ति घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कॉलेजों से जुड़े दो ट्रस्ट के बारे में पता चला है, जिनकी घोटाले में भूमिका के प्रमाण तलाशने शुरू कर दिए गये हैं। ईडी ने दोनों ट्रस्ट के साथ




कॉलेज संचालकों के राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के 50 से ज्यादा खातों की जानकारी भी तलब की है। इस संबंध में बैंकों को पत्र लिखकर बीते पांच वर्ष के दौरान खातों से हुए लेन–देन का स्टेटमेंट देने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक, छात्रवृत्ति घोटाले की जांच में फर्रुखाबाद में डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता एजूकेशन एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट संचालित होने की जानकारी मिली है। इस ट्रस्ट के जरिए मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, फार्मेसी कॉलेज, स्कूल ऑफ एजूकेशन बीटीसी संचालित किया जा रहा है। लखनऊ के एसएस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट का संचालन एसएस एजूकेशनल ट्रस्ट कर रहा है। इसी तरह लखनऊ के सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी का संचालन ऑरेगॉन एजूकेशनल सोसाइटी के जरिए किया जा रहा है। ईडी ने इन सभी के बैंक खातों में हुए लेन–देन का ब्योरा तलब किया है। इन बैंकों को भेजा पत्र ईडी के अधिकारियों ने डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ग्रुप द्वारा संचालित दो दर्जन से ज्यादा बैंक खातों की जानकारी मांगी है। इसी तरह एसएस इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट के 12 खातों, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के पांच खातों, हाइजिया ग्रुप के चार खातों, भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन के आधा दर्जन से अधिक खातों और हरदोई के जीविका इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी के तीन खातों की जानकारी मांगी गई है। इस बारे में ईडी ने बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, आर्यावर्त बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईसीआईसीआई, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आदि को पत्र लिखा है।

# अवैध मदिरा निर्माण एवं तस्कर के विरूद्व 01 से 15 मार्च तक विशेष अभियान चलेगा –डीएम

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जनपद में अवैध मदिरा निर्माण, तस्करी एवं बिक्री की तथा अवैध स्प्रिट, अलकोहल के परिवहन पर अंकुश लगाने तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शतप्रतिशत प्राप्त करने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त छः संयुक्त टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि टीम एक में नगर मजिस्ट्रेट एवं टीम दो में उप जिलाधिकारी/तहसीलदार सदर के साथ आबकारी निरीक्षक सदर व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित थानाध्यक्ष को रखा गया है। इसी प्रकार टीम तीन में उप जिलाधिकारी/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद व संबंधित थानाध्यक्ष, टीम चार में उप जिलाधिकारी/तहसीलदार संडीला, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सण्डीला व संबंधित थानाध्यक्ष, टीम पांच में उप जिलाधिकारी/तहसीलदार, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी बिलग्राम तथा संबंधित थानाध्यक्ष और टीम संख्या छः में उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तथा क्षेत्राधिकारी सवायजपुर एवं संबंधित थानाध्यक्ष को रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी टीमों को निर्देश दिये है कि होली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत 01 से 15 मार्च 2023 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर प्रत्येक दिन





दबिश करें और प्रभावी प्रवर्तन कार्य हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन प्रवर्तन, राज्य कर अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए यथावश्यक सहयोग लें और पूर्ण मनोयोग से संबंधित थाने से पुलिस बल का सहयोग लेते हुए विशेष प्रवर्तन कार्य करना सुनिश्चित करें और अन्य प्रान्तों की जनपद से लगी सीमा पर विशेष सतर्कता बरते तथा किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने दें और अवैध मदिरा कार्य में संलिप्त माफियाओं, तस्करों के विरूद्व गैंगेस्टर एवं गुण्डा एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही करें। उन्होने कहा है कि अभियान के दौरान प्रवर्तन कार्य से जुड़े कार्मिको को कोई अवकाश देय नहीं होगा और विशेष स्थिति में अवकाश पर जाने से पहले जिला आबकारी अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### 4 व 5 मार्च को लखनऊ में आयोजित होगा दो दिवसीय रोजगार मेला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के प्रबंध समिति की बैठक कार्यवाहक महासचिव के आवास 1/46 विक्रांत खंड गोमती नगर लखनऊ में संपन्न हुई।बैठक निम्नलिखित बिंदुओं पर आहूत की गई थी जो निम्न प्रकार है– सर्वप्रथम विश्व शांति के लिए शांति मंत्र का उच्चारण किया गया। पूर्व में हुई बैठक की पुष्टि,.कार्यवाहक महासचिव की रिपोर्ट, कौशल महोत्सव– रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रेरणा से कौशल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेला दिनांक 4 व 5 मार्च 2023 काल्विन तालुकेदार कॉलेज लखनऊ में आयोजित किया गया है इस विषय में विस्तृत चर्चा हुई। होली मिलन– सभी उपखंड समितियों के द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता का त्योहार होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने एवं हर खंड में एक होलिका दहन स्थल होने के लिए एवं होली मिलन में गुलाल एवं पुष्प होली खेलने के विषय में चर्चा हुई । विशिष्टजन एवम बयोवृद्ध सदस्ययो का




उपखंड समितियों के द्वारा सम्मान एवं उनकी सूची तैयार करना एवं महासमिति के हर साल होने वाले वार्षिकोत्सव में सम्मानित होने वाले विशिष्ट लोगों की सूची के लिए कमेटी बनाने के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट सभी के सामने प्रस्तुत की गई। एवं सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए । इस बैठक में महासमिति के अध्यक्ष प्रो डॉ बीएन सिंह, कार्यवाहक महासचिव कर्नल ए एन पांडेय, महासमिति उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, सचिव सीजी नायर, आरडी मौर्या, के के मौर्या, अजय तिवारी, कमल प्रकाश, पीआर पांडे ,राजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे स

# जुएं के फड़ पर लाखों के वारे न्यारे : एक युवक संभाले है जुएं की कमान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बड़े–बड़े नगरों की तरह हरदोई जिला भी अब बड़े जुआरियों का हब बन चुका है। यहां पर प्रतिदिन लाखों के वारे न्यारे हो रहे हैं परंतु पुलिस को इसकी भनक तक नहीं। शाहाबाद का एक बड़ा जुआं माफिया निवासी मोहल्ला दिलेरगंज स्थित बसंत लाल इंटर कॉलेज के निकट का रहने वाला है, इस गोरखधंधे की कमान संभाले हुए हैं। यह पुलिस से सेटिंग होने की बात कहकर बड़े–बड़े जुआरियों को अपने फड़ पर आमंत्रित करता है और बड़ा गोरखधंधा चला रहा है। यह गोरखधंधा इस वक्त नरहाई गांव में चल रहा। नरहाई गांव में विष्णु नाम का एक दलित वहां पर फट्टा बिछाकर जुएं का फड़ सजाता है और लोगों को खाने पीने के लिए सामान का बंदोबस्त करता है । फड़ के आसपास ध्500 प्रतिदिन के हिसाब से चारों दिशाओं में युवक आने जाने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए तैनात किए गए हैं। यहां पर हरदोई, शाहजहांपुर, पाली, जलालाबाद,हरदोई, संडीला, शाहाबाद तथा आसपास के ग्रामों के जुआरी बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं । सैकड़ों की संख्या में यहां मोटरसाइकिल एकत्रित हो जाती हैं । इस जुआं माफिया द्वारा यहां पर तीन प्लास्टिक की ताश की गड्डियां लाई जाती हैं जो ताश की गड्डियां बनी हुई है। इन ताश की गड्डियों से केवल छूट पर खेलने वाले लोगों की ही जीत होती है। इससे पहले नसीरपुर गांव के पश्चिम सजाई गये इस फड़ से उक्त व्यक्ति द्वारा लाखों रुपए जुआंरियों से झटके गए हैं उसके बाद स्थान बदला गया। इस तरह से दिलेरगंज के माफिया द्वारा अब तक लाखों रुपए जुआरियों से झटका जा चुका है। नरहाई कच्ची शराब के लिए



भी काफी बदनाम है । जुआं खेलने वालों में अधिकांश लोग कच्ची शराब का सेवन करके बैठते हैं । जुएं के वक्त गाली गलौज मारपीट तक की घटनाएं होती रहती हैं। जुआ खेलने के लिए काफी क्रिमिनल हिस्ट्री के लोग यहां पहुंचते हैं। जुएं के इस फड़ पर किसी भी समय बड़ा हादसा इसलिए हो सकता है। क्योंकि जुएं के इस फड़ पर बड़ी संख्या में अपराधजगत से जुड़े हुए लोग भी शामिल होते हैं। कई बार जुएं में लेनदेन को लेकर असलहों का प्रदर्शन हो चुका है। इस व्यक्ति का जुआं कारोबार पुराना व्यापार है जो जुआरियों को आमंत्रित करने के लिए पुलिस से सेटिंग होने की बात कहकर अपना गोरख धंधा चला रहा है। लेकिन इतना बड़ा जुआं होने के बाद पुलिस का वहां न पहुंचना भी की बात को बजन प्रदान करता है। पिछले 4 दिनों से नरहाई गांव में जुएं का फड़ सजाया गया है। इससे पूर्व नसीरपुर के पश्चिम की ओर जुएं का कारोबार चल रहा था। जुआं माफिया द्वारा लगातार जगह बदली जाती है ताकि उसके इस गोरखधंधे पर किसी की निगाहें न लग सके। फिलहाल अगर पुलिस ने सख्ती करके यह गोरखधंधा बंद नहीं कराया तो अपराधिक किस्म के इकट्ठे होने वाले लोग किसी भी समय बड़ा हादसा कर सकते हैं जो पुलिस के लिए सिरदर्द भी साबित हो सकता है।

## एकेटीयू फार्मेसी संकाय में हुआ विज्ञान दिवस पर आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में डॉ एपीजे अब्दुल कलम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी. वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज करने के कारण वर्ष 1928 से प्रत्येक वर्ष भारत में विज्ञान एवं शोध को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एकेटीयू में इसी वर्ष से प्रारम्भ हुए फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा जानकीपुरम स्थित परिसर में छात्रों की विज्ञान के मॉडल्स एवं क्विज प्रतियोगिता हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुई । फार्मेसी संकाय के एसोसिएट डीन प्रोफेसर आकाश वेद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रुपरेखा रखी । एकेटीयू के प्रतिकुलपति प्रोफेसर मनीष कुमार गौड़ ने छात्रों को फार्मेसी पाठ्यक्रम में उज्जवल भविष्य के लिए लगन और शोध की अभिरुचि के साथ खुद को तैयार करने को कहा । उन्होंने एकेटीयू परिसर में फार्मेसी संकाय की सकती चुनौतियों में हरसम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बायोटेक्नोलॉजी विभाग आई.ई.टी. के विभागाध्यक्ष एवं एकेटीयू के डीन इनोवेशन प्रोफेसर बी.एन. मिश्रा ने छात्रों को क्या ? क्यों ? कैसे ? इन प्रश्नों से विज्ञान के रहस्यों को सुलझाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एवं विशित अतिथि उपस्थित रहे सी.डी.आर.आई. के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजीव कुमार शुक्ला ने छात्रों को केंद्रीय औषधि अनुसन्धान संस्थान (सी.डी.आर.आई.) से परिचित कराते हुए बताया कि सी.डी.आर.आई.देश का एकमात्र शोध संस्थान है जो नई औषधि की कल्पना से लेकर मार्केट में आने तक हर पहलू पर कार्य करता है और इसके लिए संस्थान परिसर में एक ही छत के नीचे सभी संसाधन उपलब्ध हैं । उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दौरान जब देश को कोविड टेस्टिंग किट की आवश्यकता हुई तब संस्थान ने उपलब्ध संसाधनों से तत्काल आरटीपीसीआर किट तैयार करके दी । ऐसी तमाम विशेषताओं के साथ सी.डी.आर.आई. आजादी के बाद से ही शोध के क्षेत्र में कार्य कर रहा हैसी.डी.आर.आई.और एकेटीयू के फार्मेसी संकाय परस्पर संसाधनों को साझा करके विज्ञान और शोध में अपनी भूमिका वहन कर सकेंगे । एल्केम लैबोरेट्रीज लिमिटेड के रिसर्च एंड डेवलपमेंट



के ग्लोबल प्रेसिडेंट डॉ अरुण कुमार पांडेय ने शोध एवं व्यापार में सम्बन्ध को जोड़ते हुए छात्रों को भारत को बढ़ती गति से रूबरू कराया । भारत में हो रही जी20 समिट एवं उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट–2023 से फार्मा सेक्टर में अपार संभावनाओं की उम्मीदें बढ़ी हैं । सर्वाधिक निवेश फार्मा सेक्टर में ही हुआ है और बिना शोध के यह सब संभव नहीं है । सबसे ज्यादा स्टार्टअप देने वाला विश्व का सबसे युवा देश होने के नाते हमारे देश में संभावनाओं की कमी नहीं है और अकूत अवसर भरे पड़े हैं । उन्होंने तमाम आकड़ों के माध्यम से भारत के औषधि निर्माण एवं शोध में योगदान को बताया और छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने बी. फार्म। पाठ्यक्रम को मात्र डिग्री कोर्स न समझें बल्कि इसे भारत की इस गति से जुड़ने का एक उपयोगी साधन मानकर तैयारी करें। आने वाले दशकों में सम्पूर्ण विश्व भारत की औषधियों पर निर्भर होगा ।कार्यक्रम के तकनीकी एवं वैज्ञानिक चर्चा सत्र में छात्रों ने वैज्ञानिकों से अपने प्रश्न पूछकर शंका समाधान भी किया । अंत में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुज कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ आकाश वेद ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया । फार्मेसी संकाय के नीलकंठ मणि पुजारी ने कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन किया।मॉडल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में छात्रों ने मनुष्य के डीएनए, मष्तिस्क, ह्रदय, नेत्र तथा डायलिसिस यूनिट और मेडिसिन डिस्पेंसिंग मशीन इत्यादि मॉडल प्रस्तुत किये । जिनमें ऑटोमैटिक मेडिसिन डिस्पेंसर, मानव नेत्र का सजीव मॉडल एवं हिमोडाइलीसिस का मॉडल सर्वोत्तम घोषित हुआ। कार्यक्रम में एकेटीयू के उपकुलसचिव डॉ राजीव कुमार सिंह, डीन इनोवेशन प्रोफेसर बी.एन. मिश्रा, के साथ फार्मेसी संकाय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# शिक्षक व छात्र के मध्य संबंध विकसित कंपटीशन का आयोजन : प्रतिभागी किए गए सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। खरगूपुर गोंडा परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों व विद्यार्थियों के मध्य संबंध विकसित किए जाने को लेकर प्राथमिक विद्यालय पचरन में टीम बिल्डिंग एक्टिविटीज कंपटीशन का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के खेल क्रिकेट बैडमिंटन कैरम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राथमिक शिक्षक संघ रुपईडीह ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला ने किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 5 के छात्रों की टीम ने 6 ओवर में सभी विकेट खोकर 24 रन बनाए। जवाब में कक्षा 3व 4 के छात्रों की टीम ने 2 विकेट खोकर 26 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मंगल गोस्वामी को दिया गया। दूसरे मैच में बालिका वर्ग में कक्षा 5 की टीम ने चार विकेट पर 28 रन बनाये। जवाब में कक्षा 3 और 4 की टीम ने 6 ओवर में 4 विकेट पर 28 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन



ऑफ द मैच कोमल यादव को दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में राधा विश्वकर्मा बैडमिंटन प्रतियोगिता में लक्ष्मी गोस्वामी कैरम प्रतियोगिता में राघवेंद्र पांडे को विजई घोषित किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ चंद्र त्रिपाठी सूर्यकांत प्रवेश कुमार मिश्रा सरिता देवी यादव तारा देवी केतकी देवी ज्ञानवती देवी पारसनाथ पांडे रिंकी देवी सोनाली दुबे तथा अभिभावक मौजूद रहे।

## फार्मेसिस्ट फेडरेशन साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन प्रो डॉ हरलोकेश को मिला प्रो. यन एस ढल्ला ओरेशन पुरस्कार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत के युवा वैज्ञानिक विश्व में अपनी ख्याति स्थापित कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं, इसी क्रम में फार्मेसिस्ट फेडरेशन की वैज्ञानिक कमेटी के चेयरमैन प्रो (डॉ) हरलोकेश को कर्नाटक के मैसूर शहर में हो रहे चार दिवसीय 52वें अंतर्राष्ट्रीय इंडियन फार्माकोलोजिकल सोसायटी मीट (प्ब्व्छ–2023) में डॉ. हरलोकेश नारायण यादव को ह्रदय रोग के अनुसन्धान में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए प्रो.यन एस ढल्ला ओरेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रो ढल्ला के नाम पर प्रतिवर्ष ह्रदय रोग के एडवांस रिसर्च में महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारत में ओरेशन पुरस्कार सम्मान एक वरिष्ठ वैज्ञानिक को दिया जाता है, जो कि इस साल डॉ. हरलोकेश नारायण यादव को सम्मानित किया गया है। डॉ हरलोलेश यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल करने वाले सबसे युवा वैज्ञानिक हैं । डॉ. हरलोकेश नारायण यादव एम्स दिल्ली के फार्माकोलोजी विभाग में एडिसनल प्रोफेसर है जो पल्मोनरी हाइपरटेन्शन नामक गम्भीर बीमारी के बारे में महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्य कर रहे है । इस बीमारी के पता लगने के 4 से 8 साल मे जादातर मरीजों की मृत्यु हो जाती है । इसके साथ ही अनेक




रिसर्च डॉ हरलोकेश द्वारा किए जा रहे हैं । डॉ हरलोकेश फार्मेसिस्ट फेडरेशन की साइंटिफिक विंग के चेयरमैन के रूप में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से फार्मा वैज्ञानिकों, शिक्षको, छात्रों और फार्मेसी विदों को अपग्रेड कर रहे हैं । यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर फेडरेशन के संयोजक के के सचान, अध्यक्ष सुनील यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे पी नायक, उपाध्यक्ष ओ पी सिंह, राजेश सिंह, महामंत्री अशोक कुमार, यूथ विंग के अध्यक्ष आदेश, महासचिव ज्ञान चंद्र, सचिव पी एस पाठक,रिटायर्ड विंग के अध्यक्ष जय सिंह सचान , महामंत्री आर आर चौधरी सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रो हरलोकेश को बधाई दी है । सुनील यादव ने बताया कि प्रोफेसर यन एस ढल्ला भारतीय मूल के वैज्ञानिक हैं और कनाडा के मैनिटोबा विश्वविद्यालय में ह्रदय रोग के क्षेत्र में विश्व के महान वैज्ञानिकों में से एक है।

## छात्रा से छेड़खानी करने पर शिक्षक ने छात्र को फटकारा तो ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव किया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत औवार स्थित कम्पोजिट विद्यालय में एक छात्रा के साथ छेड़खानी की शिकायत पर शिक्षक ने जब आरोपी छात्र को डांटा फटकारा तो छात्र रोते हुए घर गया और अपनी बात घर वालो को बताई ।कुछ शरारती तत्वों के उकसाने पर उसके नाराज परिजनों ने समूह में विद्यालय पहुंचकर मेन गेट बंदकर शिक्षण कार्य बाधित कर दिया। परिजन आरोपी शिक्षक को हटाने की मांग पर अड़ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बीईओ और पुलिस के समझाने पर घन घंटो बाद मामला शांत हुआ। विवरण के अनुसार जलालपुर क्षेत्र पंचायत में स्थित कंपोजिट विद्यालय औवार में कक्षा आठ का एक छात्र अपने साथियों के साथ उसी कक्षा की एक छात्रा से छेड़खानी करता था और भाभी कह कर उसका मजाक उड़ाने लगा। पीड़ित छात्रा रोते हुए प्रधानाध्यापक से जाकर शिकायत की। इस बाबत जब आरोपी छात्र को बुला कर शिक्षक ने उससे पूछा तो वह उलझ गया। इस पर शिक्षक ने उस छात्र को डांटते हुए दो झापड़ मार दिया। छात्र रोते हुए घर गया और शिक्षक द्वारा पिटाई की बात बताई। जिस पर नाराज परिजन कुछ लोगो के उकसावे पर गोलबंद होकर आज विद्यालय पर पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिए ।विद्यालय के मेन गेट का ताला बंदकर शिक्षक को स्थानांतरित करने की आवाज बुलंद कर दिए ।यह देख विद्यालय पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों का आरोप है कि शिक्षक की पिटाई से छात्र के हाथ में चोट आ गई है। शिक्षण कार्य बाधित होने और भीड़ द्वारा हंगामा को देख विद्यालय के एक शिक्षक ने पुलिस को इसकी सूचना दी। केराकत कोतवाली और थानागद्दी पुलिस मौके पर पहुच गई। ग्रामीण शिक्षक को दंडित करने की मांग करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। जलालपुर बीईओ रामाकांत सिंह मौके पर पहुँच गए और परिजनों को घंटों समझाने का प्रयास किया। बीईओ ने बताया कि समझाने पर ग्रामीण मान गए। इसकी रिपोर्ट बीएसए को भेजी जा रही है । आरोपी शिक्षक को तत्काल इंचार्ज पद से हटाकर रामजस प्रजापति को इंचार्ज बना दिया गया है ।बच्चो से पूछताछ में विद्यालय की लड़कियां भी रोते हुए शिक्षक का पक्ष रखने लगी और कहने लगी कि उक्त छात्र आए दिन उनके साथ अश्लील बाते और छेड़खानी करता रहता है। थानागद्दी चौकी प्रभारी युगल किशोर राय ने बताया कि तहरीर मिली है। बीईओ के समझाने पर ग्रामीण लौट गए। तहरीर के आधार पर जाच कर कार्यवाही की जाएगी।

## नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे एक लाख तीस हजार : न्यायालय के आदेश पर दंपति पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्टाफ नर्स की नौकरी दिलाने के नाम पर दंपति ने महिला से 100000 –30000 हड़प लिया। पीड़ित की तहरीर पर तेजी बाजार पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है । मामला आजमगढ़ जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गढ़हा निवासी पूनम गौतम का है। उन्होंने न्यायालय को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह 2013 से 2017 में नई गंज स्थित डॉक्टर विनय तिवारी के विद्यालय में जी एन यम का कोर्स कर रही थी। वहीं पर तेजी बाजार थाना क्षेत्र के भुतहा निवासी बिंदु विश्वकर्मा भी उनके साथ ए एन एम का कोर्स कर रही थी। दोनों में अच्छी जान पहचान मित्रता हो गई। 2020 में जौनपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स की नौकरी कर रही थी। बिंदु उसके पास आकर बोली कि मेरे पति ने कई लोगों को सरकारी नौकरी दिलवा दिया है। छः लाख रुपए का इंतजाम करो तुम्हें भी स्टाफ नर्स की नौकरी दिलवा देंगे। मैंने कहा मेरे पास इतना रुपया नहीं है तो उसने कहा कुछ पहले दे दो बाकी नौकरी लगने के बाद दे देना। झांसे में आकर 6 अगस्त 2020 को 60,000 एवं 8 अगस्त 2020 को 40000 एवं थोड़ा–थोड़ा करके कुल 130000 रुपए इनको दे दिया ।इस दौरान अमित विश्वकर्मा ने कहा था तुम्हें नौकरी मिल जाएगी लेकिन थोड़ा समय लगेगा। लेकिन वर्षों बाद भी जब मुझे नौकरी नहीं मिली तो मैंने पैसा मांगना शुरू किया तो अमित विश्वकर्मा आजकल के बाद आनाकानी करने लगा। 2 जून 2022 को जब मैं इसके घर पैसा मांगने पहुंची तो बिंदू ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए मुझे मारने लगी ।अमित विश्वकर्मा ने बुरी नियत से मेरा हाथ पकड़ कर अपहरण करा कर बेइज्जत करने व जान से मारने की धमकी दिया। ऐसे में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अमित विश्वकर्मा एवं उनकी पत्नी बिंदु विश्वकर्मा के विरुद्ध दलित उत्पीड़न छेड़खानी मारपीट आदि विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सात बड़े एवं पुराने बकायेदारों के विरुद्ध जारी हुआ कुर्की आदेश

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड हरदोई ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा हरदोई के रु० 100000 से अधिक वाले 7 बड़े एवं पुराने बकायेदारों जिन्होंने बैंक से कर्जा लेकर समय से किस्त अदा नहीं की है, जिस वजह से यह एक लाख से बड़े बाकीदार की श्रेणी में अच्छादित हो गए हैं। इनके विरुद्ध बैंक के अनुरोध पर कुर्की आदेश एसडीएम स्वाती शुक्ला द्वारा जारी किया गया है ताकि वसूली की धनराशि बैंक में जमा कर सकें। इन बकायेदारों में सूरज बख्श पुत्र भूप निवासी ग्राम तरी (बकाया धनराशि रुपया 522000),उमेश पुत्र स्वर्गीय रामनाथ निवासी ओहदपुर (बकाया धनराशि रुपया 240000), मधु पाल सिंह पुत्र खड़क सिंह निवासी ग्राम जटौली (बकाया धनराशि 179000) , देवेंद्र कुमार सिंह पुत्र कन्हैया भगत सिंह निवासी ग्राम बरेला (बकाया धनराशि 236000), तकदीर बहादुर पुत्र रूपन निवासी ग्राम सुहेड़ी (बकाया धनराशि 170000),गुड्डू सिंह पुत्र छोटे सिंह निवासी नेवादा (बकाया धनराशि 153000), सुरेंद्र सिंह पुत्र श्री रामेश्वर सिंह निवासी ग्राम डबेलिया (बकाया धनराशि 123000) शामिल हैं।

## देवरहा बाबा आश्रम में मोहन भागवत ने तीसरी बार लिया अखंड भारत का संकल्प : लगाया 51 मन लड्डू का भोग

मिर्जापुर ब्यूरो : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत ने मंगलवार सुबह विंध्याचल महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा हंस आश्रम में अखंड भारत निर्माण को लेकर तीसरी बार संकल्प लिया। देवरहा हंस बाबा ने संघ प्रमुख से कहा कि चीन और पाकिस्तान का सर्वनाश हो जाएगा। पाकिस्तान कंगाल हो गया है। कटोरा लेकर घूम रहा है पर उसे कुछ मिलेगा नहीं। खंडहर होने के कगार पर है। कैलाश मानसरोवर के साथ ही 40 हजार स्क्वायर किलोमीटर भूमि को चीन से वापस लाकर अखंड भारत का निर्माण करना है। इसके साथ ही उन्होंने अखंड भारत निर्माण को लेकर तीसरी बार संकल्प दिलाया। आरएसएस प्रमुख सोमवार शाम देवराहा हंस आश्रम पहुंचे थे। सर्वप्रथम बाबा से मुलाकात की। बाबा के समक्ष संकल्प के साथ ही पाकिस्तान की कंगाली पर कृतज्ञता भी व्यक्त की। आरएसएस प्रमुख सोमवार को बाबा से मुलाकात कर अपने कक्ष में चले गए और वहीं प्रसाद पाया। मंगलवार सुबह स्नान ध्यान के बाद संकट मोचन हनुमान मंदिर में 51 मन लड्डू का प्रसाद का भोगा लगाया और हवन किया। इसके बाद परिसर स्थित ब्रह्मऋर्षि देवरहा बाबा गीता मानस मंदिर में गए। वहां बाबा के द्वारा स्पर्श कर रखे गए गीता और मानस की दो शिलाएं आरएसएस प्रमुख के हाथ से लगवाई गईं। इसके बाद वो ब्रह्मऋषि देवरहा बाबा मंच धाम गए और वहां तीसरी बार अखंड भारत का संकल्प लिया। आरएसएस प्रमुख को प्रसाद दिया। ब्रह्मवेत्ता श्री देवरहा हंस बाबा ट्रस्ट के ट्रस्टी अतुल कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रसाद पीएम, प्रदेशों के सीएम सहित देश के कोने–कोने में भेजा जाएगा। इसके बाद आरएसएस प्रमुख विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने विधि–विधान से दर्शन–पूजन किया। साथ ही विंध्य धाम कॉरिडोर का कार्य देखा। इसके बाद प्रयागराज रवाना हो गए। आश्रम में भागवत की यह तीसरी यात्रा है। छह माह पहले भी वे यहां आए थे। तब भी हनुमान जी का पूजन कर 51 मन लड्डू का भोग लगाया था।

## प्रयागराज में हुए एनकाउंटर के बाद बोले एडीजी : हत्यारों को संरक्षण देने वालों पर भी होगी कार्यवाही

लखनऊ ब्यूरो : प्रयागराज में राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या करने वाले बदमाशों में शामिल अरबाज को एनकाउंटर में ढेर किए जाने के बाद एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि हत्यारों को संरक्षण देने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अपील की है कि यदि कोई अपराधी संरक्षण मांगे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस फरार बदमाशों पर इनाम घोषित करने जा रही है। सही सूचना देने वाले आमजन भी इसके हकदार बन सकते हैं। एडीजी ने कहा कि प्रयागराज में गवाह की हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को दहला दिया था। सरकार की ओर से विधानसभा में वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गयी थी। राज्य सरकार ने घटना में शामिल लोगों को कानून के दायरे में लाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को पुलिस



मुठभेड़ में मारा गया अल्लापुर अरबाज घटना के दौरान क्रेटा गाड़ी चला रहा था। उसने गाड़ी से बाहर आकर फायरिंग भी की थी। उसके पास से 32 बोर की पिस्टल बरामद की गयी है। प्रदेश पुलिस ने ऐसे सभी माफिया, अपराधियों के खिलाफ अभियान छेड़ा है। फरार बदमाशों पर जल्द प्रयागराज पुलिस इनाम घोषित करेगी जिसे डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी बढ़ाया जाएगा।

## जनता जर्नादर इंटर कालेज जासोपुर चकिया का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि.: जनता जर्नादर इंटर कालेज जासोपुर चकिया में चल रही यू०पी० बोर्ड परीक्षा का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि विद्यार्थियों द्वारा इसे ठीक प्रकार भरा जाये और केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा के समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखे। क्लास रुम के निरीक्षण के दौरान अध्यापकों से कहा कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो और परीक्षा केन्द्र पर नकलविहीन, पारदर्शीपूर्ण तरीके से शासन की मंशा के अनुरुप सम्पन्न कराये। परीक्षा केन्द्र पर किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने सी०सी०टी०वी० कक्ष में जाकर परीक्षार्थियों को देखा और केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान लाकर रुम सील होने की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि लाकर रुम सील करते समय हस्ताक्षर और दिनांक अवश्य लिखा जाये। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा में लगाये गये कार्मिकों का आई कार्ड अवश्य लगा रहना चाहिए। बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए।

## लूट का आरोपी के घर पर डुगडुगी पिटवाकर किया गया उद्घोषणा प्रपत्र चशपा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यायालय के आदेश पर निरीक्षक वीरेंद्र तिवारी ने मय निरीक्षक देवेंद्र सिंह के साथ रविवार देर सायंको लूट के आरोपी विक्की यादव पुत्र महेंद्र यादव निवासी ढकवा बाजार थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ के घर पर कुर्की के पूर्व की कार्यवाही उद्घोषणा प्रपत्र को चशपा किया है। चस्पा की गई नोटिस में न्यायालय ने आरोपी विक्की को 26 मार्च तक हाजिर होने का समय दिया है। इस अवधि पर हाजिर न होने पर अभियुक्त के घर कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि 6 मई वर्ष 2022 को रविंद्र मिश्रा निवासी चुरावनपुर थाना बक्सा खुटहन से अपनी बहन रागिनी तिवारी को बाइक से लेकर घर आ रहे थे। इसी बीच सरोखनपुर अंडरपास के दक्षिण किनारे पर दो बाइक पर सवार बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर पिटाई करते हुए गहना पैसा तथा 8000 रुपये छीन लिया था। रविंदर मिश्रा ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट का मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना निरीक्षक वीरेंद्र तिवारी कर रहे थे। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए लूट के एक आरोपी आनंद दुबे उर्फ गोलू पुत्र राजेंद्र प्रसाद दुबे निवासी देव रामपुर थाना बदलापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दूसरा आरोपी विक्की यादव फरार चल रहा है।

### नशिला पावडर व चोरी की मोबाइल समेत दो गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के फैजाबाद रोड स्थित आरपीएफ बैरक के समीप रविवार की शाम खडे दो संदिग्ध युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार लिया ।तलाशी के दौरान दोनों युवक के पास से 42 ग्राम नशिला पावडर व चोरी की चार मोबाइल बरामद करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजिकृत कर दोनों का चालान न्यायालय भेज दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जनपद के जीयनपुर थाना क्षेत्र के गडेरी पट्टी गांव निवासी राजकुमार लोना पुत्र जितेन्दर व अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर कन्नुपुर छितौना गांव निवासी अनोज उर्फ बियर पुत्र राजेंद्र प्रसाद रविवार की शाम फैजाबाद रोड स्थित आरपीएफ बैरक समीप खडा था। चिरैया मोड समीप भ्रमण के लिए जा रहे अपने हमराहियों के साथ प्रभारी निरिक्षक सदानंद राय को देखकर दोनों रेलवे स्टेशन की तरफ भागने लगे। संदिग्ध समझकर दोनों युवकों को पुलिस ने दौडाकर पकड लिया। जामा तलाशी के दौरान दोनों युवक के पास से 42 ग्राम नशिला पावडर समेत चार मोबाइल चोरी की बरामद कर थाने लाया गया। कोतवाली पुलिस आवश्यक लिखा–पढ़ी करते हुए दोनों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजिकृत कर चालान न्यायालय भेज दिया ।

## विज्ञान की परीक्षा दे रही तीन छात्राओं की बिगडी हालत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दसवीं बोर्ड परीक्षा देते समय तीन छात्राओं की हालत बिगडी परीक्षा के दौरान मौजूद अध्यापक ने एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार समीपस्थ आजमगढ़ जनपद के श्रीपत यादव इंटर कालेज में दसवीं कक्षा में पढ रही छात्राएं उक्त कालेज में सोमवार की सुबह दसवीं विज्ञान की बोर्ड परीक्षा दे रही सजई खंजहा पुर गांव निवासी दीपमाला यादव (16)पुत्री राम अनुज यादव व आजमगढ़ अमरेथू गांव निवासी काजल यादव (17) पुत्री श्याम लाल व खंजहा पुर गांव निवासी दिपांशी यादव (17)पुत्री राम अशीष यादव की तबियत परीक्षा प्रश्नपत्र मिलते ही अचानक खराब हो गई। मौके पर मौजूद अध्यापक ने एम्बुलेंस बुलाकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज कर सभी को परिजनों के साथ घर भेज दिया।

## दौलतिया हनुमान मंदिर पर प्रेमी युगल जोड़ों ने की शादी



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित दौलतिया हनुमान मंदिर पर सोमवार को स्वेच्छा से स्वाजातीय युगल जोड़ों ने शादी की ।लड़के लड़की के घर वालों सहित क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग उपस्थित थे ।साथ ही वर वधू के गांव के प्रधान महेंद्र कुमार पटेल व प्रधान सुरेश चंद्र पटेल भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार ममता पटेल पुत्री रामराज पटेल सोंहासा थाना मुंगराबादशाहपुर अनिल कुमार पटेल पुत्र सुरेश चंद्र पटेल निवासी कुडुरिया थाना पंवारा में बहुत दिनों से आपस में प्रेम चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। किंतु परिवार दोनों के बीच में बाधा बन रहा था। गांव के प्रधानो, ग्रामवासियों के समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्षों के परिजन शादी करने के लिए राजी खुशी से राजी हो गए। परिजन प्रेमी युगल जोड़ों को लेकर मंदिर पर पहुंच गए ।जहां पर दोनों ने पहले प्रभू संकट मोचन हनुमान जी के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यावान पंडित कमलाशंकर मिश्रा ने हिंदू रीति रिवाज के साथ वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरे रस्म को पूरा करते हुए शादी कराई। प्रभू हनुमान जी को साक्षी मानकर प्रेमी ने प्रेमिका के मांग में सिंदूर डाल कर एक दूसरे के साथ जीवन मरने की शपथ खाई। शादी करने उपरांत दोनों पक्षों ने थाने आकर लिखा पढ़ी की। थाना प्रभारी विवेक तिवारी ने बताया कि वर वधू दोनों बालिग है। इस लिए दोनों निर्णय के लिए स्वतंत्र हैं। शादी के लिए राजी होने पर दोनों पक्षों की क्षेत्र में खुब सराहना हो रही है। मुख्य रूप से सीताराम पटेल, राज पटेल, जयप्रकाश तिवारी, रामलाल यादव,लक्ष्मी कान्त पटेल,लक्ष्मी कान्त पटेल आदि रहे।

## साथी की हत्या के विरोध में अधिवक्ता आक्रोशित : उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश की हत्या से तहसील अधिवक्ताओं में आक्रोश है ।अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि मृतक अधिवक्ता की हत्या में शामिल अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर सजा दिलाई जाय ।अधिवक्ता के परिवार की सुरक्षा प्रदान की जाय, परिवार के एक सदस्य को नौकरी व 20 लाख मुआबजा उपलब्ध कराई जाय। बताया जाता है कि प्रयागराज के अधिवक्ता कृष्ण कुमार पाल उर्फ उमेश पाल व उसके सुरक्षा कर्मी की दिन दहाडे गोली मारकर हत्या कर दी गई ।आये दिन अधिवक्ताओं की हो रही हत्या से साथियों में असुरक्षा की भावना है ।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा,प्रेम चंद्र विश्वकर्मा,अशोक श्रीवास्तव,सुरेन्द्र मणि शुक्ला,यज्ञ नारायण सिंह,आर पी सिंह,जितेंद्र श्रीवास्तव,अजय सिंह,कमलेश कुमार,आशीष चौबे,पवन गुप्ता,हरी लाल आदि उपस्थित थे।

## रेल आयुक्त ने नव निर्मित रेलवे ट्रैक का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सोमवार की दोपहर अपने सैलून से पहुचे सुरक्षा आयोग लखनऊ मंडल के रेल आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान ने रेलवे पैनल कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान मिले खामियों को अपने मातहतों को सुधारने का आदेश दिया ।नव निर्मित रेलवे ट्रैक दोहरीकरण का निरीक्षण करते हुए अपने सैलून से पुनःखेतासराय के लिए रवाना हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर शाहगंज खेतासराय नव निर्मित रेलवे ट्रैक दोहरीकरण का हो रहा निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात निरीक्षण करने पहुचे दोपहर एक बजे अपने निजी सैलून से लखनऊ रेल मंडल आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान व डीआरएम एस के सापरा एवं सीएओ ए के सिंघल शाहगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के पश्चात पैनल कक्ष व स्टेशन मास्टर कक्ष का तकरीबन दो घंटे निरीक्षण किया। पैनल कक्ष में पायी गई कमियों को दूर करने का अपने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद नव निर्मित दोहरीकरण ट्रैक से सैलून पर सवार होकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्रैक पर पाई गई कमियों का बारीकी से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुनःनवनिर्मित रेलवे ट्रैक से खेतासराय के लिए रवाना हो गए। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक बिरेन्द्र कुमार यादव, स्टेशन मास्टर राकेश कुमार, रेल उप अधीक्षक आर के वर्मा, जय सिंह, ठाकुर प्रसाद मिश्रा, लालमन यादव, आरपीएफ प्रभारी सिन्हा समेत विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

## कपड़ा गहना तथा रुपए से भरे बैग को आरपीएफ व स्टेशन मास्टर ने पीड़ित को लौटाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी शैलेश दुबे का रुपयों कपड़ा तथा गहना से भरे बैग को आरपीएफ तथा स्टेशन मास्टर ने सोमवार को दोपहर को वापस लौटा दिया। इस बात को लेकर पीड़ित शैलेश दुबे सहित परिजनों में भारी हर्ष व्याप्त है। शैलेश दुबे दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। रविवार को वह अपने परिवार में पत्नी रानी दुबे, माता इंदु देवी तथा डेढ़ वर्षीय बच्चे कार्तिक दुबे के साथ सद्भावना एक्सप्रेस से घर वापस आ रहे थे। वह सोमवार को ट्रेन से परिवार सहित रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर उतर रहे थे कि तब तक ट्रेन रवाना हो गयी! उस दौरान कपड़ा, रूपया तथा गहना से भरा बैग सीट पर ही छूट गया। उन्होंने इस बात की सूचना स्टेशन अधीक्षक रेलवे स्टेशन श्री कृष्णा नगर मनोज कुमार यादव को दिया। उन्होंने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तुरंत स्टेशन मास्टर रेलवे स्टेशन सिटी को यह जानकारी दिया। सिटी स्टेशन के स्टेशन मास्टर शत्रुघ्न प्रसाद ने चौकी प्रभारी आरपीएफ सिटी शैलेंद्र यादव को इस घटना की जानकारी दिया तो चौकी प्रभारी ने आरपीएफ के सिपाहियों के साथ कोच नंबर यस टू की सीट पर जा कर खोजा तो पीड़ित का बैग वहां मिला। उन्होंने जरिए टेलीफोन स्टेशन अधीक्षक को बताया। स्टेशन अधीक्षक ने पीड़ित को सूचना देते हुए सिटी स्टेशन पहुंचने के लिए कहा। सिटी स्टेशन पर स्टेशन मास्टर शत्रुघ्न प्रसाद तथा चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव ने पीड़ित को गहना रुपए तथा कपड़ा से भरा बैग वापस कर दिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में पूरे परिवार का कपड़ा ,सोने का लॉकेट, सोने का मंगलसूत्र ,सोने की अंगूठी तथा दस हजार रुपये नगद था। घटना की जानकारी होने पर लोगों ने चौकी प्रभारी तथा स्टेशन मास्टर को बधाई दिया है!

### गाजे बाजे के साथ निकाली गई भगवान शिव मां पार्वती की प्रतिमाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर में सोमवार को मोहल्ला नईगंज मोटाई के पास स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव व मां पार्वती की प्रतिमाएं गाजे बाजे के साथ भ्रमर के लिए निकाली गई ।जो समूचे नगर में भ्रमर के उपरांत पुनः निकाले गए स्थान पर पहुंच कर समाप्त हुआ। शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ व मां पार्वती विराजमान हो गए। शोभा यात्रा में शामिल महिलाओं सहित श्रद्धालु लोग डीज व गाजे बाजे के साथ नाचते गाते व भगवान शिव का भजन करते हुए चल रहे थे। छतों से भोलेनाथ व मां पार्वती की प्रतिमा पर पुष्पों की वर्षा कर के श्रद्धालु अपने को धन्य किया। ध्वनि प्रसारण यंत्र से प्रसारित बाबा भोलेनाथ के चुनिंदे कीर्तन–भजन से पूरा कस्बा शिवमय हो गया। श्रद्बालु रास्ते में पड़ने वाले शिव मंदिरों का विधिवत पूजन अर्चन करते हुए आगे बढ़ रहे थे ।हर हर भोलेनाथ से नगर गूंज उठा। पीताम्बर परिधान शोभा का केन्द्र बना रहा। श्रद्धालु आगे आगे धर्म पताका लेकर चल रहे थे। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिव मां पार्वती को प्राण प्रतिष्ठा किया। मंदिर पर दिन भर विधिवत पूजा पाठ के साथ भगवान भोले नाथ का भजन कीर्तन चलता रहा। मुख्य रूप से मनोज ठठेरा,छेदी लाल गुप्त ,नवल किशोर गुप्त, राजेश माली आदि मौजूद थे।

## शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया व अन्य नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में पुलिस से झड़प व नोकझोंक के बाद कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और वहां पर प्रशासनिक अधिकारी को राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की ब्ठप् द्वारा गिरफ्तारी करने और दिल्ली में आप नेताओं को गिरफ्तार करके थाना में बैठाये जाने की घटना के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा व प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस से झड़प भी हुई नोकझोंक के बाद कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और वहां पर प्रशासनिक अधिकारी को राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर बौद्ध प्रांत प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा ने कहा कि देश के सबसे लोकप्रिय शिक्षा मंत्री जो लाखों बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं उन्हें जेल भेजा जाता है और अडानी जोकि देश में महाघोटाला कर रहा है उसके खिलाफ कोई भी ब्ठप्,म्क और कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती यह बहुत ही गलत है और आम आदमी पार्टी इसका पूर्ण रूप से विरोध करेगी और तब तक लड़ाई लड़ते रहेगी जब तक सत्य की जीत नहीं हो जाती। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि जो व्यक्ति लाखों करोड़ों रुपए का घोटाला किया वह खुलेआम घूम रहा है और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया जो कि दिल्ली के लाखों बच्चों को बहुत ही अच्छी शिक्षा दे रहे हैं उनका भविष्य बना रहे हैं उनको जेल भेज दिया गया यह बहुत ही शर्म की बात है और आम आदमी पार्टी तब तक इसका विरोध प्रदर्शन करती रहेगी जब तक



उन्हें न्याय नहीं मिल जाता। जिला प्रभारी कैलाश पटेल ने कहा कि आम आदमी पार्टी क्रांतिकारी लोगों की पार्टी है और हमेशा पार्टी गलत व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी और जब तक शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को छोड़ा नहीं जाता तब तक हम शांत नहीं बैठेंगे। विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश के लोकप्रिय ईमानदार शिक्षा मंत्री को जेल भेजना यह लोकतंत्र की हत्या करने के जैसा कार्य है। जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने कहा देश के सबसे लोकप्रिय शिक्षा मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को जेल भेज दिया गया है यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है क्योंकि बिना अच्छी शिक्षा व अच्छे स्वास्थ्य के बीना देश कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता । प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शामिल हुए बौद्ध प्रांत प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा, जिला प्रभारी कैलाश पटेल, जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना), विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी जिला सह प्रभारी गुलाब सिंह राठौड़, जिला महासचिव विनोद प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान), प्रांत सचिव रघुवंश यादव, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह, मोहम्मद इस्लाम खान असावती बिंद मोहम्मद सलीम विनोद सोनकर अमित विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, सुनील, सलमान, शशिधर, इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## गायब हुए महन्त के शिष्य ने लगायी न्यायालय में अर्जी : 10 जनवरी से गायब महन्त को अब तक नही खोज पायी पुलिस

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार |अयोध्या कोतवाली के अंतर्गत रायगंज चौकी क्षेत्र के बहुचर्चित नरसिंह मंदिर के वयोवृद्ध 95 वर्षीय विगत 10 जनवरी से लापता श्रीमहंत राम शरण दास महाराज के एक और शिष्य सूरज दास ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में 156/3 के तहत अर्जी देकर आरोपी राम शंकर दास पुत्र मंगल प्रसाद तिवारी निवासी बहराइच हाल पता नरसिंह मंदिर रायगंज अयोध्या के खिलाफ गुरु महाराज का अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया है। न्यायालय से मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराने की मांग किया है।सूरज दास का आरोप है कि राम शंकर कभी कभी मन्दिर आता था। राज कुमार दास की मिलीभगत से मन्दिर की सम्पति पर कब्जा करने की नियत से उसने राम शरण दास को गायब कर दिया है।राम शंकर दास तमाम प्रकार का नशा भी करता है। राम शंकर दास से महन्त ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कई प्रार्थना–पत्र भी दिया दिया था। उक्त जानकारी याचिकाकर्ता सूरज दास ने दी।

## इंटरमीडिएट जीव विज्ञान की परीक्षा देते पकड़े गये मुन्ना भाई पर हैदरगंज थाने में दर्ज हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। तारुन अयोध्या हैदरगंज थाना क्षेत्र के मॉर्डन इंटर कालेज जाना बाजार में सोमवार यूपी बोर्ड इंटर मीडिएट द्वितीय पाली की जीव विज्ञान की दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गये मुन्ना भाई के खिलाफ केंद्र व्यवस्थापक की शिकायत पर मुकामी पुलिस ने धोखाधड़ी सहित गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया कि सोमवार को द्वितीय पाली में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट जीव विज्ञान व गणित विषय की परीक्षा थी। प्रवेश पत्र मिलान के दौरान केंद्र व्यवस्थापक गुदुन पुत्र राजाराम निवासी ग्राम कुबेर का पूरा बेनीगददीपुर थाना तारुन को परीक्षा दे रहे हरिकेश पुत्र बच्चू लाल यादव का कार्य व्यवहार संदिग्ध दिखा। जब उन्होंने युवक से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि वह अभिषेक यादव पुत्र राम तीरथ यादव के स्थान पर परीक्षा देने आया है। और उसी के गांव का निवासी है।इसकी पुष्टि छात्र द्वारा स्वयं की गई।मुन्ना भाई के पकड़े जाने की घटना ने शिक्षा विभाग की नींद उड़ा दी।आनन फानन में मामले की सूचना तत्काल डीआईओएस कार्यालय को दी गई। इसके बाद पकड़े गये फर्जी परीक्षार्थी से उत्तर पुस्तिका व प्रशनपत्र जप्त कर लिया गया। इसके पहले भी झानदीप इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर बोर्ड परीक्षा के पहले दिन ही हाईस्कूल गणित की परीक्षा देने जा रहे एक मुन्ना भाई को पकड़ा जा चुका है।

## रामनगरी में किया जाएगा राष्ट्रीय भरतनाट्यम उत्सव का आयोजन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या राम नगरी में 4 मार्च को शाम 6:30 बजे से 9:00 बजे तक भरतनाट्यम उत्सव का आयोजन किया जाएगा। भारतनाट्यम के क्षेत्र में ख्याति नाम कलाकार बेंगलुरु की डॉ पद्मजा सुरेश, हैदराबाद के चौतन्य कुसुम प्रिया, मुंबई के समूह सुजाथा रामानाथन, बेंगलुरु की रागनी अय्यर, प्रयागराज की उर्वशी जेटली, लखनऊ के ज्ञानेंद्र दत्त बाजपेई तथा बेंगलुरु की रक्षिता रगुनाथन भरतनाट्यम की प्रस्तुति करेंगी। कार्यक्रम में आम जनमानस को भी अमन आमंत्रित किया जाएगा। राम की पैड़ी पर 4 मार्च को भव्य नजारा दिखेगा। इस कार्यक्रम को विश्व स्तर पर प्रसारित किया जाएगा।

## सन्त निरंकारी मिशन रुदौली ब्रांच के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया गोमती नदी की सफाई

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। रुदौली, अयोध्या निरंकारी मिशन ने प्रोजेक्ट अमृत – स्वच्छ जल स्वच्छ मन, के अंतर्गत अंडमान निकोबार सहित देश के 25 राज्यों में नदियों, तालाबों, झरनों, झीलों आदि जल क्षेत्रों की सफाई की |प्रोजेक्ट अमृत, बाबा हरदेव सिंह जी के जन्म दिवस 23 फरवरी के उपलक्ष्य में देश भर में एक साथ 1100 से अधिक स्थानों पर जल सफाई अभियान के रूप में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर 26 फरवरी 2023 को आयोजित किया गया गोमती नदी के पावन तट पर स्थित माता कामाख्या भवानी मंदिर के आसपास काफी बड़े क्षेत्र की सफाई इस अभियान में की गई में जिसमें मिशन के स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक शामिल हुए। सफाई अभियान में युवा बहन भाईयों की लगन देखने योग्य थी सन्त निरंकारी सेवादल यूनिट 1633 रुदौली के सदस्य सुबह 8 से ही बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नदी को स्वच्छ करने में लग गए जो दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। इस आयोजन से लोगों में जल स्वच्छता के प्रति जागरूकता लोगों ने इसकी भरपूर सराहना की तथा इन्हें आगे भी जारी रखने की मंशा जाहिर की विश्व की



जल प्रदूषण समस्या को खत्म करने की दिशा में मिशन का यह एक विनम्र प्रयास है,जिसकी प्रेरणा स्रोत मिशन की प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज है। मुखी रामचंद यादव ने बताया इसमें सैकड़ों स्वयं सेवी महिला पुरुष सामिल रहे । कलावती माया मिथलेश सुनीता वर्षा यादव सत्गुर मनीराम बलदेव मुदित कुलदीप आदि लोग शामिल हुए।

## पुलिस ने पास्को एक्ट के अभियुक्त एवं चार वारंटी गिरफ्तार किए

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कोतवाली शाहाबाद द्वारा मु0अ0सं0 70/23 धारा 307,324,354,504,506 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट व मु0अ0सं0 84/2023 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सामंत कुमार सिंह उर्फ जानू पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम शर्मा थाना शाहाबाद जनपद हरदोई को एक नाजायज देशी तमंचा व 03 अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। शाहाबाद पुलिस द्वारा ही सोमवार को वारंटी.राजेश पुत्र केदारनाथ ,नरेश यादव पुत्र स्व0 डम्मर,.मंजीत सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी गण मो0 महमन्द कस्बा व थाना शाहाबाद जनपद हरदोई व वारंटी गुड्डू उर्फ अरविन्द पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम फत्तेपुर गयंद थाना शाहाबाद जनपद




हरदोई को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## बजट किसानों मध्यम वर्ग के लिए उपयोगी है –सांसद मेनका गांधी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला पंचायत सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद मेनका गांधी ने केंद्रीय बजट में बारे



में बताया।उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों,मध्यम वर्ग के लिए उपयोगी है। जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए वर्मा ने इसे लोक कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने बजट कों पढ़कर सुनाया।

## पैदल घर जा रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : हलियापुर बाजार से पैदल घर जा रही महिला को बैंक ऑफ बड़ौदा हलियापुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना से परिवारीजनों में कोहराम मच गया।हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे बासू मजरे जरई कला की केवला (68) पत्नी जियालाल हलियापुर बाजार गई थी। बाजार से पैदल घर वापस जा रही थी। इसी दौरान बैंक ऑफ बडौदा बैंक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे केवला से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।बाजार वासियों ने इलाज के लिए निकट पीठला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से राजकीय पॉलिटेक्निक में मॉडल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से राजकीय पॉलिटेक्निक में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रियोगिता का आयोजन किया गया। जिस ने विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों आईटीआई और पॉलिटेक्निक के करीब डेढ़ सौ मॉडल लगाए गए। जिसमें 15 मॉडलों को सेलेक्ट करके मंडल स्तर पर भेजे जाएंगे। प्रतियोगिता में जयपुरिया स्कूल के स्टूडेंट द्वारा ब्लाइंड के लिए उपकरण और रिमोट से बल्ब जलाने बुझाने का मॉडल और यस के स्टूडेंट अदिश आजाद द्वारा टेस्ला क्वायल बनाया गया जिससे बिना तार के बल्ब जलाया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे जिला अधिकारी



और मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल का निरीक्षण कर मॉडल के बारे में जानकारी ली।

## चोरी के सामान के साथ दो को किया गिरफ्तार : भेजा जेल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है,उनको जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि क्षेत्र के थाना इब्राहिमपुर गांव में 27 फरवरी की रात्रि जाहिद अली पुत्र मोहम्मद हासिम के घर के पास खड़ा ट्रैक्टर की बैट्री



व बाल्टी में रखा 10 लीटर सरसों का तेल को गांव के ही अलीम पुत्र रोशन अली व मोहम्मद एजाज पुत्र मोहम्मद मकबूल ने चोरी कर ले गए। सुबह उनकी आंख खुली तो सामान बिखरा पड़ा मिला। आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जाहिद अली ने अलीम व मोहम्मद एजाज के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एजाज व मोहम्मद अलीम को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## नशे की लत और उससे होने वाले नुकसान से कालेज के छात्र छात्राओं को बताया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मोती महल लांन में प्रारंभ हुआ जिसमें 'शराब बंदी संघर्ष समिति' के अध्यक्ष मुर्तजा अली, महामंत्री मिर्जा इशरत बेग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने नशे की लत और उससे होने वाले नुकसान से कालेज के छात्र छात्राओं को बताया कार्यक्रम का संचालन इशरत बेग ने किया कार्यक्रम के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने कहा कि हम सबको विशेष रूप से युवाओं को नशे के रोक थाम के लिए आगे आना होगा महामंत्री मिर्जा इशरत बेग ने छात्र छात्राओं को आने वाले पर्व होली को नशामुक्त होली के रूप में मनाने का संदेश दिया। उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को नशें के खिलाफ मजबूत तरीके से आवाज उठाने का आवाहन किया कालेज की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया



जिसके माध्यम से शराब व नशे की लत के कारण समाज में होने वाले अपराधों को उजागर किया गया इस मौके पर शराबबंदी संघर्ष समिति की तरफ से कवी श्रुति भट्टाचार्य मोहम्मद अफाक पीसी कुरील शमशेर शायर मोहम्मद अली अल्वी शादाब सिद्दीकी मोहम्मद कैफ उपस्थित रहे समस्त कार्यक्रम का आयोजन व संचालन डॉ अर्चना सिंह एवं डॉ प्रणति मिश्रा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में हुआ।

## इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत : नियुक्तियां रद्द करने के फैसले पर स्थगन आदेश

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रधानाचार्यो की नियुक्तियों को रद् करने के एकल पीठ के फैसले के खिलाफ दाखिल विशेष अपील पर स्थगन आदेश पारित किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने श्याम शंकर उपाध्याय व अन्य तथा यूपी सेकेंड्री एजुकेशन सर्विसेज, इलाहाबाद की ओर से दाखिल दो अलग–अलग अपीलों को एक साथ जोड़ते हुए दिया है। खंडपीठ ने प्रदेश भर के इंटर कॉलेजों और हाईस्कूलों में वर्ष 2013 के विज्ञापन संख्या 3 के क्रम में हुई प्रधानाचार्यों की नियुक्तियां रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ यह स्थगन आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने माना कि बड़ी सख्या में हो चुकी नियुक्तियां एकल पीठ के द्वारा दिये गये आदेश से प्रभावित होंगी। याचिकाकर्ता प्रधानाचार्य के पद पर दिसम्बर 2022 से कार्य भी कर रहे हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगली सुनवाई तक इस मामले पर यथास्थिति कायम रखी जाए। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। प्रधानाचार्यों की इस नियुक्ति प्रकिया (वर्ष 2013 में विज्ञापन संख्या 3) के खिलाफ एकल पीठ में याचिका दाखिल



की गई थी। इसमें कहा गया था कि चयन प्रकिया नौ वर्षों तक ठप रही और अचानक वर्ष 2022 में एक माह के भीतर नियम दरकिनार कर पूरा कर दिया गया। एकल पीठ ने 1 फरवरी 2023 के फैसले में कहा था कि विज्ञापन जारी करने के नौ वर्ष बाद की गईं नियुक्तियां संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन हैं। वर्ष 2014 के बाद जिन अभ्यर्थियों ने इन पदों के लिए योग्यता हासिल की, उनकी नियुक्ति पर विचार करने से सिर्फ इसलिए वंचित कर दिया गया क्योंकि नौ वर्षों तक इस विज्ञापन के क्रम में नियुक्ति प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया गया। एकल पीठ ने नियुक्तियों को रद् कर नए सिरे से नियमानुसार नियुक्तियों की प्रकिया को पूरा किए जाने का आदेश भी दिया था।

## केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य महकमा : चस्पा किया नोटिस

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बीते दिनों उरूवा में अवैध रूप से संचालित केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमा जागा। और ताबड़–तोड़ क्षेत्र में चल रहे दर्जनों से ऊपर लैब, हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड सेन्टरों पर पुनः खुलने पर कार्यवाही का नोटिस चस्पा किया। लेकिन उक्त नोटिस के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के फरमान को ठेंगा दिखाते हुए अवैध रूप से लैब, हॉस्पिटल व अल्ट्रासाउंड सेंटर क्षेत्र में संचालित हैं। उक्त सम्बंध मे बात–चीत में प्रभारी चिकित्साधिकारी उरूवा डॉ जेपी तिवारी ने बताया कि केबी मेमोरियल हॉस्पिटल अवैध रूप से कबसे संचालित था और मकान मालिक के पास किरायेदार रूलिंग एक्ट के तहत, किरायेदार का नाम–पता व समस्त कागजात है कि नहीं इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।उन्होंने बताया कि मकान मालिक अपने मकान में अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल, लैब, व अल्ट्रासाउंड सेंटर खाली करा लें अन्यथा कोर्ट का चक्कर लगाने के लिए तैयार रहें। किरायेदार रुलिंग एक्ट पालन न करने पर मकान मालिक के मकान में अवैध रुप से संचालित क्लिनिक, हास्पिटल, पैथालॉजी सेंटर व अल्ट्रासाउंड सेंटर सील किये जायेंगे।

## एनएसएस शिविर में जल संचय पर किया गया जागरूक

जौनपुर क्राईम ब्यूरो धनंजय विश्वकर्मा : पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के स्वयंसेवकों ने आसपास के कई गांव में जाकर ग्रामीणों का बच्चों को जागरूक किया और उन्हें जल संचय की जानकारी दी। कर्मचारी डॉ राकेश कुमार सरोज ने कहा कि पृथ्वी पर जल की कमी ना हो और इसके लिए लोगों को अभी से पानी बचाना होगा और यह सब की जिम्मेदारी होगी। इस बारे में छात्रों छात्राओं ने लोगों को नुक्कड़ सभा कर घर–घर जाकर जानकारी दी और जल बर्बाद न करने की अपील किया। राजबहादुर पीजी कॉलेज गुलालपुर में एनएसएस शिविर में प्राथमिक विद्यालय छतोरा में शुरू किया। विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने बस्तियों में जाकर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया और कहा कि शिक्षा अनमोल है और इसमें पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। सब लोग पढ़ सकते हैं। लेकिन बच्चों को किसी बहाने घर पढने से ना रोके। उन्हें सरकारी



स्कूलों में भेजें और शिक्षा ग्रहण करें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ज्योतिष प्रकाश यादव ने संबोधित किया।

## रंगभरी एकादशी पर काशी में होंगे उत्तराभिमुख गोमुख के दर्शन : सजेगी मां मणिकर्णिका की झांकी

वाराणसी ब्यूरो : रंगभरी एकादशी पर अनादि तीर्थ मणिकर्णिका चक्रपुष्करिणी तीर्थ में स्थित उत्तराभिमुख गोमुख का दर्शन मिलेगा। रंगभरी एकादशी पर वाराणसी ही नहीं देश भर से श्रद्धालु गोमुख व कुंड के दर्शन के लिए मणिकर्णिका घाट आते हैं। मणिकर्णिका चक्रपुष्करिणी तीर्थ (कुंड) का वार्षिक श्रृंगार परंपरानुसार तीन मार्च को रंगभरी एकादशी की रात होगा। काशी तीर्थ पुरोहित सभा की ओर से होने वाले आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सभा के अध्यक्ष व कुंड के प्रधान तीर्थ पुरोहित पं. मनीष नंदन मिश्र ने बताया कि तीर्थ चक्र रंगभरी एकादशी के दिन काशी तीर्थ पुरोहित सभा की ओर से मां मणिकर्णिका का षोडशोपचार विधि से पूजन किया जाएगा। साथ ही गुलाल सहस्त्रार्चन व वृहद श्रृंगार के बाद महाआरती की जाएगी। 21 वैदिक आचार्यों के आचार्यत्व में रुद्री पाठ का आयोजन भी होगा। महाश्रृंगार की झांकी रात 8 बजे से शुरू होगी जिसका दर्शन रात्रिपर्यंत चलेगा। इस अवसर पर कुंड में स्थित उत्तराभिमुख गोमुख का भी दर्शन होगा। मां गंगा से पहले से काशी में है चक्रपुष्करिणी तीर्थ तीर्थ पुरोहित पं. मनीष नंदन मिश्र ने बताया कि यह कुंड मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने के पहले से ही है। अनादिकाल में भगवान विष्णु ने अपने चक्र से इसका निर्माण किया था। उसके बाद भगवान विष्णु ने यहां पर 60 हजार वर्षों तक तपस्या की थी। इस दौरान उनके तन से निकले पसीने से कुंड भर गया। वर्ष में दो बार होता है गोमुख का दर्शन मान्यता है कि कुंड के जल का स्त्रोत हिमालय (बद्रिकाश्रम) से आता है। श्रृंगार वाले दिन देखते ही देखते समुद्र में आए ज्वार–भाटे की तरह, कुंड धवल जल से लबालब भर जाएगा। उसी कुंड में डुबकी लगाने और मणिकर्णिका माता के श्रृंगार पूजा करने के लिए लोग लालायित रहते हैं। श्रद्धालु कुंड के जल को प्रसाद स्वरूप पात्र में भरकर घर ले जाते हैं और वितरित करते हैं। गोमुख का दर्शन व पूजन वर्ष में महज दो बार ही होता है। पहला रंगभरी एकादशी और दूसरा अक्षय तृतीया के दिन।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।